Status of implementation of the recommendations contained in the Third Report of Department-related Parliamentary Standing Committee on External.Affairs

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI RAO INDERJIT SINGH): Mr. Deputy Chairman, Sir, I beg to lay a statement regarding status of implementation of the recommendations contained in the Third Report of the Department-related Parliamentary Standing Committee on External Affairs.

SHORT DURATION DISCUSSION

State of Agriculture, Poverty and Unemployment in the country in the light of Mid-term Appraisal of Tenth Five Year Plan-contd.

श्री शरद पवार : महोदय, मुझे बहुत खुशी है कि दसवीं पंचवर्षीय योजना की मध्यवर्ती समीक्षा के बारे में पिछले कई घंटों से सदन में बहुत गंभीर चर्चाएं हो रही हैं । पिछले कई सालों से हिन्दुस्तान के कृषि क्षेत्र की जो स्थिति है, चाहे बेरोजगारी हो, गरीबी हो, गरीबी रेखा के नीचे रहने वाला वर्ग हो, इन सबके ऊपर ओवर ऑल इम्पैक्ट क्या पड़ रहा है, इसका एक वास्तविक दर्शन इस मूल्यांकन के माध्यम से आज इस सदन के सामने, इस देश के सामने आया है । मैं आभारी हूं सभी सदस्यों का कि सभी ने इस गंभीरता पर मेरा ध्यान दिलाया और सुधार करने की जो आवश्यकता है इस बारे में अपने – अपने सुझाव सदन के सामने रखे हैं । हम लोगों ने 4 परसेंट की वृद्धि टारगेट रखा था । मगर इसमें हमें कामयाबी नहीं मिली । पहले दो साल में 9 परसेंट तक वृद्धि हो गई और 2002, 2004 और 2005 में 1.5 परसेंट की वृद्धि करने के लिए हम लोग कामयाब हो गए । इसका एक इम्पेक्ट पूरे देश के किसानों के ऊपर हुआ है । यह बात हम नजर – अंदाज नहीं कर सकते कि पिछले कई सालों में देश में किसानों द्वारा आत्म – हत्याओं के उदाहरण इस सदन में कई बार लाए गए और इसमें कोई सुधार करने की आवश्यकता थी, इस पर भी अलग – अलग विचार सदन के सामने रखे गए श्री रेड्डी यहां मौजूद नहीं हैं । उन्होंने आत्म – हत्या के बारे में बोलते समय कहा कि आन्ध्र स्टेट में सबसे ज्यादा आत्म – हत्याएं हुई, और इसकी समीक्षा करने की जिम्मेदारी मैंने मेनेज नाम के एक मेनेजमेंट इंस्टीट्यूट को, जो भारत सरकार के कृषि मंत्रालय के अखत्यार में है, उनके ऊपर दी थी । उन्होंने आन्ध्र के चार डिस्ट्रिक्टस में जाकर जिन परिवार के सदस्यों ने आत्म – हत्या की, इन सभी परिवार के लोगों के साथ बातचीत करके जो स्थिति है उस पर आधारितक एक रिपोर्ट तैयार की और जिसकी कापी मेरे पास भी है ...(**व्यवधान**)... आप देख सकते है । I can get it circulated also.